

सैकड़े से सिर्फ तीन कदम दूर

भारतीय टीम 26 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला मैच 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 3 जनवरी से वॉन्डर्स में होगा। वहीं 11 जनवरी से सीरीज का तीसरा मुकाबला न्यूलैंड्स केपटाउन में होगा।

## ऋषभ पंत तोड़ सकते हैं महेंद्र सिंह धोनी का बड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। पंत ने भारत के लिए अभी तक 25 टेस्ट मैच खेले हैं। इन 25 मैचों में 97 शिकार किए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जब रविवार से वह सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे तो उनके पास विकेट के पीछे शिकार का सैकड़ा हासिल करने का मौका होगा। अगर पंत साउथ अफ्रीका में यह मुकाम हासिल कर लेते हैं तो वह धोनी को पीछे छोड़ देंगे। पंत विकेट के पीछे सबसे तेजी से 100 शिकार करने वाले भारतीय विकेटकीपर बन जाएंगे। धोनी ने 36 टेस्ट मैचों में सैकड़ा पार किया था। धोनी के बाद दूसरे नंबर पर ऋद्धिमान साहा हैं जिन्होंने 37 टेस्ट मैचों में 100 शिकार पूरे किए थे। पूर्व विकेटकीपर किरण मोरे, नयन मोंगिया और सैयद किरमानी ने क्रमशः 39, 41 और 42 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में आराम दिया गया था। भारत ने यह सीरीज 1–0 से अपने नाम की थी। इस सीरीज में भारत के लिए ऋद्धिमान साहा ने विकेटकीपिंग की थी।

# कोहली को वनडे कप्तानी से हटाने का तरीका सही नहीं था

क्रिकेट

## विराट कोहली के बचाव में खुलकर आए संजय मांजरेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच विवाद पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर (दरल डंदरतमांत) भी कूद गए हैं। मांजरेकर ने कहा कि कोहली को वनडे कप्तानी से हटाने का तरीका सही नहीं था। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में मुख्य चयनकर्ता को आगे आना चाहिए था। लेकिन इसे सौरभ गांगुली बना कोहली का मुद्दा बना दिया गया है।



**मांजरेकर ने अजहरुद्दीन का दिया उदाहरणः** मांजरेकर ने कहा, भारतीय क्रिकेट प्रशासन में चेयरमैन ऑफ सिलेक्टर बहुत अहम किरदार होता है लेकिन उसे वह महत्ता नहीं मिलती जो मिलनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसा नहीं होता। चेयरमैन सिलेक्टर के पास इतना अधिकार होता है कि वह भारतीय क्रिकेट की तस्वीर और दिशा बदल सकता है। उन्होंने राजसिंह डुंगरपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे उन्होंने अजहरुद्दीन को कप्तान बनाकर भारतीय क्रिकेट को बदलकर रख दिया। उसे 90 के दशक की टीम कहा जाता था।

**चेतन शर्मा बनाम कोहली होना चाहिए था मुद्दाः** मांजरेकर ने याद दिलाते हुए कहा कि कायदे यह मुकाबला सौरभ गांगुली बनाम विराट कोहली के बजाय विराट कोहली बनाम चेतन शर्मा (मुख्य चयनकर्ता) होना चाहिए था। यही सही रहता। मांजरेकर ने कहा कि सही तरीका तो यह होता कि चेयरमैन ऑफ सिलेक्टर्स के स्थान पर चेतन शर्मा इस पर अपनी राय रखते।

**विराट के बयान के बाद मचा था हंगामाः** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कहा था कि उन्होंने खुद फोन करके विराट कोहली को टी20 टीम की कप्तानी नहीं छोड़ने को कहा था। हालांकि साउथ अफ्रीका पर टीम के रवाना होने से पहले विराट कोहली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्होंने जब अपने फैसले के बारे में सिलेक्टर्स को बताया था तब किसी ने उन्हें ऐसा करने से नहीं रोका।

विवाद तब और बढ़ गया जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम की कमान रोहित शर्मा को सौंपी गई। विराट से इस फॉर्मेट की कप्तानी लिए जाने पर गांगुली ने कहा था कि विराट से सिलेक्टर्स ने भी टी20 टीम का कप्तान बने रहने के लिए कहा था। कोहली ने कहा कि सिलेक्टर्स सीमित ओवरों के लिए दो कप्तान नहीं चाहते थे। हालांकि कोहली ने कहा कि टीम की घोषणा होने से डेढ़ घंटा पहले ही उन्हें इस बारे में बताया गया था।

## भारत के खिलाफ 10 विकेट लेने वाले गेंदबाज को न्यूजीलैंड ने दिखाया बाहर का रास्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। सलामी बल्लेबाज टाम लाथम को न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम का कप्तान घोषित किया गया। बांग्लादेश के खिलाफ नए साल के मौके पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से नियमित कप्तान केन विलियमसन कोहनी की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में टाम लाथम को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हैरान करने वाली बात ये है कि भारत के खिलाफ 10 विकेट लेकर इतिहास रचने वाले स्पिनर एजाज पटेल को बाहर कर दिया गया है।

टाम लाथम पहली बार पूरी सीरीज के लिए टीम के कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले चार मौकों पर कप्तान की भूमिका निभाई है,



लेकिन अलग–अलग सीरीजों में उनको मौका मिला था। वहीं, केन विलियमसन कुछ समय के लिए टीम से बाहर हैं। ऐसे में टीम का कप्तान लाथम को बनाया गया है, जिन्होंने मुंबई में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कीवी टीम का नेतृत्व भी किया था। हालांकि, उस मैच में न्यूजीलैंड की टीम को विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम से करारी हार मिली थी।

न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने अपने बयान में कहा, घर वापस आना और जिन स्थानों को हम अच्छी तरह से जानते हैं, और जहां हमें हाल के दिनों में सफलता मिली है, यह बहुत अच्छा है। इस सीरीज के लिए केन विलियमसन का उपलब्ध नहीं होना निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन जैसा कि हमने भारत में देखा, वह आराम की निरंतर अवधि से गुजर रहे हैं, उसके बाद वे रिहैब पर और मजबूती के साथ वे धीरे–धीरे बल्लेबाजी शुरू करेंगे। हालांकि, 13 सदस्यीय टीम में एक विशेषज्ञ स्पिनर के लिए कोई जगह नहीं है, जिसका अर्थ है कि बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल भारत में अपने दमदार प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। उनका कहना है, आप एजाज के भारत में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद थोड़ा बुरा महसूस करते हैं।

## कपिल की तरह बैटिंग,फील्डिंग और कप्तानी करो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 1983 का साल भारतीय क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक था। कपिल देव की अगुआई में भारत ने पहली बार क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था। वर्ल्ड कप में जाने से पहले शायद ही किसी को यकीन था कि हम इस टूर्नामेंट को जीत सकते हैं। लेकिन टीम ने ऐसा कर दिखाया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट पहले की तरह नहीं रहा। इसके 28 साल बाद महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में भारत ने इस इतिहास को दोहराया। भारत की 1983 विश्व कप जीत पर रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म ३८३ शुक्रवार को रिलीज हो रही है। इस जीत पर उस टीम के कुछ खिलाड़ियों से मौजूदा टीम पर अपनी राय पूछी गई। जब पूछा किया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी कपिल देव की कप्तानी से क्या सीख सकते हैं, तो 1983 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व तेज गेंदबाज बलविंदर सिंह संधु ने कहा कि उन्हें कपिल देव की तरह बल्लेबाजी, फीलिंग और कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने जी न्यूज से बात करते हुए कहा, कपिल की तरह बल्लेबाजी करो, कपिल की तरह फील्डिंग करो।

## न्यूज डायरी



### मुझे लगा मेरे साथ, मेरे जैसा यह कौन खड़ा है: गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फिल्म 83 शुक्रवार को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की कहानी 1983 वर्ल्ड कप की भारत की जीत पर आधारित है। रणवीर सिंह इस फिल्म में टीम के कप्तान कपिल देव का किरदार कर रहे हैं। कई अन्य बॉलीवुड स्टार भी टीम के अन्य सदस्यों की भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म मर्दानी और छिछोरे में अहम भूमिकाएं निभाने वाले ऐक्टर ताहिर भसीन भी 83 टीम का हिस्सा हैं। वह महान सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर की भूमिका निभा रहे हैं। गावस्कर के लिए हालांकि वर्ल्ड कप 83 बहुत अच्छा नहीं रहा था। लेकिन टीम में उनकी सलाह बहुत काम आई थी। सुनील गावस्कर ने ताहिर की तारीफ करते हुए कहा, वह मेरे साथ खड़े थे। अचानक मैंने देखा कि मेरे साथ कोई मेरे जैसे दिखने वाला व्यक्ति खड़ा है। वह वैसे ही खड़ा था जैसे मैं खड़ा होता था। और फिर मुझे अहसास हुआ कि मेरा ही किरदार निभा रहा है। गावस्कर ने बताया कि वह भसीन की ऐक्टिंग से काफी प्रभावित हैं।

### सचिन तेंदुलकर से मिली तारीफ के बाद सिराज ने कहा शुक्रिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पेसर मोहम्मद सिराज की दिल खोलकर तारीफ की है। सिराज ने इसके बाद उनका शुक्रिया अदा किया है। भारत को 26 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। सिराज ने सीरीज से पहले सचिन के शब्दों को एक बड़ी प्रेरणा बताया है। उन्होंने वादा किया है कि वह टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करेंगे। सिराज ने ट्वीट किया, शुक्रिया, सचिन सर। यह मेरे लिए बहुत हौसला अफजाई करने वाला है। मैं हमेशा देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। आप स्वस्थ रहिए सर। सचिन ने बताया था कि उन्हें सिराज की क्या चीज पसंद है। मास्टर ब्लास्टर को सबसे ज्यादा सिराज की ऊर्जा पसंद आई थी। सचिन ने कहा कि सिराज जब भी गेंदबाजी करने उतरते हैं तो उनकी बॉडी लैंग्वेज और जज्बा कमाल का होता है। यह सब देखकर अंदाजा लगाना मुश्किल होता है वह दिन का पहला ओवर फेंक रहे हैं या फिर आखिरी।

### बेस्ट पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं कोहली और पुजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम विराट कोहली की कप्तानी में साउथ अफ्रीका के विरुद्ध तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी और इसकी शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। भारतीय टीम के पास प्रोटियाज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का शानदार मौका है और इसके लिए टीम इंडिया को संभलकर खेलना होगा। साउथ अफ्रीका का दौरा भारतीय टीम के लिए हमेशा ही बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन टीम इंडिया इतनी सक्षम है कि वो इस टीम को उसकी ध रती पर हरा सकती है। इसमें कोई शक नहीं है भारतीय टीम काफी मजबूत नजर आ रही है और टीम की बल्लेबाजी व गेंदबाजी में गहराई है। भारतीय टीम की मौजूदा बल्लेबाजी की बात करें तो इनमें से विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा व अजिंक्य रहाणे जैसे बल्लेबाजों का रिकॉर्ड इस टीम के खिलाफ टेस्ट में अच्छा रहा है।

### आईपीएल 2022 में सीवीसी कैपिटल्स की ही होगी अहमदाबाद टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अहमदाबाद की आइपीएल टीम को जल्द ही हरी झंडी मिल जाएगी और सीवीसी कैपिटल्स ही इंडियन प्रीमियर लीग की 10वीं टीम की मालिक होगी। आइपीएल से अगले साल जुड़ने जा रही अहमदाबाद टीम को खरीदने वाली कंपनी सीवीसी कैपिटल पर सट्टेबाजी कंपनियों से जुड़े होने के आरोपों की जांच के लिए बीसीसीआइ ने इसी महीने अपनी एजीएम में पूर्व न्यायधीश की अगुआई में समिति का गठन किया था। इस टीम को सीवीसी कैपिटल ने 5,625 करोड़ रुपये में खरीदा था। उसपर कई विदेशी सट्टेबाज कंपनियों के साथ संबंध के आरोप लगे थे।